भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद्
(पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार की स्वायत्त परिषद)

भा.वा.अ.शि.प.

# वानिकी समाचार

नवम्बर 2025
वर्ष 17 सं. 11

## राष्ट्रीय गीत के 150वें वर्ष गांठ पर स्मरणोत्सव

- वंदे मातरम के 150 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में, भा.वा.अ.शि.प. और उसके संस्थानों ने एक राष्ट्रीय गीत गायन का सत्र आयोजित किया। इस उपलक्षय पर पर्यावरण जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए देश भर में वृक्षारोपण अभियान भी चलाया गया।































| अनुक्रमणिका | पृष्ठ सं. |
|---|---|
| राष्ट्रीय गीत के 150वें वर्ष गांठ पर स्मरणोत्सव | 01 |
| महत्त्वपूर्ण अनुसंधान निष्कर्ष | 02 |
| परामर्शी कार्य | 02 |
| कार्यशालाएँ/संगोष्ठियाँ/बैठकें | 03 |
| प्रशिक्षण कार्यक्रम | 03 |
| जागरूकता एवं प्रदर्शन कार्यक्रम | 07 |
| वन विज्ञान केंद्र के अंतर्गत गतिविधियाँ | 09 |
| प्रदर्शनी में प्रतिभाग | 09 |
| मिशन लाइफ | 10 |
| प्रकृत्ति कार्यक्रम | 11 |
| समझौता ज्ञापन | 12 |
| विविध | 13 |
| मानव संसाधन समाचार | 14 |
| प्रकाशन | 14 |

## महत्त्वपूर्ण अनुसंधान निष्कर्ष

### भा.वा.अ.शि.प.–वन अनुसंधान संस्थान, देहरादून

- शीशम निष्पत्रक, *प्लेकोप्टेरा रिफ्लेक्सा* गुएने के प्रबंधन के लिए, पोटैटो डेक्सट्रोज अगर (पीडीए) मीडियम का उपयोग करके कीटरोगजनक कवक (ईपीएफ) को सफलतापूर्वक पृथक और संवर्धित किया गया। लक्षित कीट प्रजाति और उससे संबंधित ईपीएफ वियुक्त की सही पहचान के लिए डीएनए बारकोडिंग विकसित की गई।

- *स्किमिया लॉरियोला* के पत्तों से सगंध तेल की कवकरोधी गतिविधि को बिम्ब विसरण और यूष सूक्ष्ममंदन ऐसे का उपयोग करके *कैंडिडा अल्बिकन्स* (एमटीसीसी 183) पर व्यवस्थित रूप से मूल्यांकन किया गया। सगंध तेल ने 25% ईओ (23.0 ± 0.3 मिमी) पर संदमन क्षेत्र के साथ मजबूत, सांद्रता–निर्भर कवकरोधी गतिविधि का प्रदर्शन किया, जो संदर्भ दवा केटोकोनाज़ोल (23.4 ± 0.15 मिमी 10 $\mu g$/बिम्ब पर) के बराबर है, जो कवकरोधी और कवकनाशी क्षमता दोनों को दर्शाता है। इस अवलोकन को यूष सूक्ष्ममंदन आमापन द्वारा भावी समर्थित किया गया, जिसने 6.25% ईओ तक $\geq$95% विकास संदमन का प्रदर्शन किया, इस सांद्रता को न्यूनतम अवरोधक सांद्रता (एमआईसी) के रूप में स्थापित किया।

### भा.वा.अ.शि.प.–काष्ठ विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थान, बेंगलुरू

- फैक्ट्री में 60 मिनट के लिए रेटेड सिरेमिक फाइबर–प्रबलित अग्निरोधी द्वार (एफआरडी) शटर को सफलतापूर्वक प्रदर्शन किया गया। फैक्ट्री में बने नमूनों को भा.वा.अ.शि.प.–का.वि.प्रौ.सं. प्रयोगशाला में 60 मिनट की अग्नि रेटिंग के लिए परीक्षण किया गया। भारतीय मानकः3614 के अनुसार प्रतिचयन 60 मिनट की अग्नि रेटिंग की आवश्यकता के अनुरूप थे।

## परामर्शी कार्य

### भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद्

- दक्षिण पूर्व कोयला क्षेत्र सोहागपुर क्षेत्र जिला शहडोल, मध्य प्रदेश की खैराहा भूमिगत और बटुरा ओपनकास्ट खदान के संबंध में प.व.ज.प.मंत्रा., भारत सरकार द्वारा लगाए गए पर्यावरण मंजूरी शर्त अनुपालन के तृतीय पक्ष के ऑडिट और मूल्यांकन पर नई परियोजना प्राप्त की गई।

### भा.वा.अ.शि.प.–काष्ठ विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थान, बेंगलुरू

- चंदन के खड़े वृक्षों में अंतःकाष्ठ बनने के आकलन/अनुमान पर परामर्श दिया गया। इसके लिए कर्नाटक के नांजागुड़ में कार्या फार्मलैंड और कोल्लेगल में एमएम हिल्स वन्यजीव प्रभाग कार्यालय परिसर में इलेक्ट्रिकल टोमोग्राफ (ईआरटी) का उपयोग किया गया।

- मेसर्स अंजन अंजनीपुत्र एस्टेट्स, मंचरियल, तेलंगाना को चंदन प्रबंधन पर सलाहकार परामर्शी सेवाएं प्रदान कीं।

## कार्यशालाएँ/संगोष्ठियाँ/बैठकें

| | | | |
|---|---|---|---|
| **भा.वा.अ.शि.प.–वन अनुसंधान संस्थान, देहरादून** | | | |
| 01 | "प्राकृतिक उत्पादों के पृथक्करण और पहचान की आधुनिक तकनीकें" पर सेमीनार | 21 नवंबर 2025 | व.अ.सं. और भा.वा.अ.शि.प. के विद्वानों, वैज्ञानिकों और अधिकारियों सहित 42 प्रतिभागी |
| **भा.वा.अ.शि.प.–वन जैव विविधता संस्थान, हैदराबाद** | | | |
| 02 | "वर्गिकी और नृजातीय औषधीय ज्ञान की तैयारी" पर सेमीनार | 10 नवंबर 2025 | भा.वा.अ.शि.प.–व.जै.सं., हैदराबाद के 25 आधिकारिक कर्मचारी |
| 03 | वानिकी में कीटों और व्याधियों के प्रबंधन में संश्लिष्ट फेरोमोन के अनुप्रयोग पर सेमिनार | 18 नवंबर 2025 | भा.वा.अ.शि.प.–व.जै.सं., हैदराबाद के 35 आधिकारिक कर्मचारी |
| **भा.वा.अ.शि.प.–हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला** | | | |
| 04 | कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न और इसके कानूनी परिणाम | 21 नवंबर 2025 | भा.वा.अ.शि.प.–हि.व.अ.सं., शिमला के सभी कर्मचारी |
| 05 | कीटों की घटती आबादी: हमारी पृथ्वी का भविष्य | 28 नवंबर 2025 | भा.वा.अ.शि.प.–हि.व.अ.सं., शिमला के वैज्ञानिकों, वन अधिकारियों और शोधकर्ताओं सहित 45 प्रतिभागी |
| **भा.वा.अ.शि.प.–काष्ठ विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थान, बेंगलुरू** | | | |
| 06 | "पैनल" पर बैठक | 31 नवंबर 2025 | पैनल उद्योगों से आएं 20 प्रतिभागी |
| 07 | "लैमिनेटेड विनियर लम्बर के प्रदर्शन अनुकूलन पर दृढ़ काष्ठ का एक इंजीनियर विकल्प" पर सेमीनार | 31 नवंबर 2025 | भा.वा.अ.शि.प.–का.वि.प्रौ.सं., बेंगलुरु के वैज्ञानिकों, तकनीकी कर्मचारियों और शोधार्थियों सहित 40 प्रतिभागी |

## प्रशिक्षण कार्यक्रम

| | | | |
|---|---|---|---|
| **भा.वा.अ.शि.प.–वन अनुसंधान संस्थान, देहरादून** | | | |
| 01 | वन आनुवंशिकी संसाधनों का संरक्षण और उपयोग | 18 से 20 नवंबर 2025 | उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, जम्मू और कश्मीर और हिमाचल प्रदेश के 27 वन राजिक अधिकारी और वनपाल |
| 02 | लैंटाना से पुनर्निमित काष्ठ और हस्तनिर्मित कागज | 24 से 28 नवंबर 2025 | लैंटाना पर काम करने वाले विभिन्न गैर सरकारी संगठन के 10 प्रतिभागी |
| 03 | काष्ठ और बांस संरक्षण | 27 से 31 नवंबर 2025 | विविध पृष्ठभूमि के 14 प्रतिभागी |

| | | | |
|---|---|---|---|
| **भा.वा.अ.शि.प.–हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला** | | | |
| 04 | कडू की खेती, संरक्षण और विपणन | 08 से 09 नवंबर 2025 | हिमाचल प्रदेश राज्य वन विभाग के किसानों और अग्रिम पंक्ति के कर्मचारियों सहित 50 प्रतिभागी |
| 05 | औषधीय पौधों कडू और चिरायता की खेती, संरक्षण और विपणन हेतु सहायता और कौशल विकास | 20 नवंबर 2025 | हिमाचल प्रदेश के भावनगर, निचार रेंज, किन्नौर वन विभाग से समान रूचि समूह (तरांडा, तरांडा–I, तरांडा–II, निगानी और निगुलसरी), किसान और अग्रिम श्रेणी के कर्मचारियों सहित 68 प्रतिभागी |



सरघा, कुल्लू में "कडू की खेती, संरक्षण और विपणन" पर प्रशिक्षण कार्यक्रम



निगुलसरी में "औषधीय पौधे कडू और चिरायता की खेती, संरक्षण और विपणन हेतु सहायता और कौशल विकास पर प्रशिक्षण कार्यक्रम"

| | | | |
|---|---|---|---|
| 06 | आधुनिक पौधशाला बनाने और रोपण सामग्री के उत्पादन में माइकोराइज़ल जैवप्रौद्योगिकी के उपयोग पर क्षमता निर्माण | 24 से 26 नवंबर 2025 | हिमाचल प्रदेश के राज्य वन विभाग से 84 वन अधिकारी |
| **भा.वा.अ.शि.प.–शुष्क वन अनुसंधान संस्थान, जोधपुर** | | | |
| 07 | प्राकृतिक समाधानों के माध्यम से अवक्रमित भूमि का पुनर्स्थापन और मरुस्थलीकरण में न्यूनीकरण | 12 से 14 नवंबर 2025 | जोधपुर के गैर सरकारी संगठन के सदस्यों, किसानों और छात्रों सहित 40 प्रतिभागी |
| **भा.वा.अ.शि.प.–उष्णकटिबंधीय वन अनुसंधान संस्थान, जबलपुर** | | | |
| 08 | औषधीय पौधों का प्रसंस्करण | 19 नवंबर 2025 | उत्तर सिवनी, लखनादौन से स्वयं सहायता समूह के सदस्यों और वन अधिकारियों सहित 70 प्रतिभागी |
| **भा.वा.अ.शि.प.–वर्षा वन अनुसंधान संस्थान, जोरहाट** | | | |
| 09 | सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली सॉफ्टवेयर, इसके संचालन और प्रबंधन | 25 से 27 नवंबर 2025 | भा.वा.अ.शि.प.–आ.वि.कें., अगरतला के 05 प्रशासनिक कर्मचारी |
| 10 | पूर्वोत्तर भारत में आजीविका सुरक्षा के लिए एकीकृत प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन कार्यनीतियाँ | 25 से 27 नवंबर 2025 | बागवानी, कृषि, पशुपालन और पशु चिकित्सा, मृदा और जल संरक्षण, बांस विकास एजेंसी, औषधीय पादप बोर्ड, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और गैर सरकारी संगठन आदि सहित उत्तरपूर्वी राज्यों के अलग–अलग विभागों के अधिकारीयों सहित 20 प्रतिभागी |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 11 | पूर्वोत्तर राज्यों के लोगों की आजीविका संबंधी समस्याओं के समाधान में वानिकी | 26 से 28 नवंबर 2025 | गैर सरकारी संगठन, एनएफएमसी के सदस्य, छात्र, पंचायत के सदस्य आदि सहित 30 प्रतिभागी |
|  भा.वा.अ.शि.प.–बां.बें.कें., आइजोल में "पूर्वोत्तर भारत में आजीविका सुरक्षा के लिए एकीकृत प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन कार्यनीतियाँ" पर प्रशिक्षण कार्यक्रम | |  भा.वा.अ.शि.प.–आ.वि.कें., अगरतला में "पूर्वोत्तर राज्यों के लोगों की आजीविका की समस्याओं के समाधान में वानिकी" पर प्रशिक्षण कार्यक्रम | |
| **भा.वा.अ.शि.प.–वन आनुवंशिकी और वृक्ष प्रजनन संस्थान, कोयंबटूर** | | | |
| 12 | एचपीएलसी: उपकरण, सिद्धांत और कार्य | 14 नवंबर 2025 | कोयंबटूर के 17 छात्र |
| 13 | डीएनए पर प्रारंभिक ज्ञान | 19 से 20 नवंबर 2025 | कोयंबटूर के विभिन्न स्कूलों के 77 छात्र |
|  भा.वा.अ.शि.प.–व.आ.वृ.प्र.सं., कोयंबटूर में "एचपीएलसी: उपकरण, सिद्धांत और कार्य" पर प्रशिक्षण कार्यक्रम | |  भा.वा.अ.शि.प.–व.आ.वृ.प्र.सं., कोयंबटूर में "डीएनए पर प्रारंभिक ज्ञान" पर प्रशिक्षण कार्यक्रम | |
| **भा.वा.अ.शि.प.–वन उत्पादकता संस्थान, रांची** | | | |
| 14 | अग्नि सुरक्षा प्रोटोकॉल | 28 नवंबर 2025 | भा.वा.अ.शि.प.–व.उ.सं., रांची के सभी अधिकारी |

**भा.वा.अ.शि.प.–काष्ठ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, बेंगलुरू**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 15 | सतत विकास हेतु बांस से निर्मित आवास | 10 से 12 नवंबर 2025 | गैर सरकारी संगठन, छात्र, कारीगर, वास्तुकार आदि सहित 30 प्रतिभागी |
| 16 | काष्ठ प्रसंस्करण | 10 से 14 नवंबर 2025 | काष्ठ आधारित उद्योगों से 24 प्रतिनिधि |




भा.वा.अ.शि.प.–का.वि.प्रौ.सं., बेंगलुरु में "सतत विकास हेतु बांस से निर्मित आवास" पर प्रशिक्षण कार्यक्रम



भा.वा.अ.शि.प.–का.वि.प्रौ.सं., बेंगलुरु में "काष्ठ प्रसंस्करण" पर प्रशिक्षण कार्यक्रम

| | | | |
|---|---|---|---|
| 17 | वन निगम और उत्पादन वानिकी | 17 से 19 नवंबर 2025 | अलग–अलग राज्यों के वन विभाग से 20 भा.व.से. अधिकारी |





भा.वा.अ.शि.प.–का.वि.प्रौ.सं., बेंगलुरु में "वन निगम और उत्पादन वानिकी" पर प्रशिक्षण कार्यक्रम

| | | | |
|---|---|---|---|
| 18 | प्लाईवुड में फॉर्मेल्डिहाइड की मात्रा का परीक्षण | 29 से 31 नवंबर 2025 | प्लाईवुड उद्योग से 09 प्रतिभागी |

**भा.वा.अ.शि.प.–वन जैव विविधता संस्थान, हैदराबाद**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 19 | अकाष्ठ वन उत्पादों सह औषधीय पौधों का संरक्षण, मूल्य संवर्धन और विपणन | 11 से 13 नवंबर 2025 | हैदराबाद से 30 हितधारक |

## जागरूकता एवं प्रदर्शन कार्यक्रम

### भा.वा.अ.शि.प.–उष्णकटिबंधीय वन अनुसंधान संस्थान, जबलपुर

- सेंट एलॉयसियस कॉलेज, रवींद्रनाथ टैगोर कृषि महाविद्यालय, देवघर, पंडित दीनदयाल उपाध्याय बागवानी एवं वानिकी, पीपरकोटी, कालीकट विश्वविद्यालय, केरल और गुरु रामदास खालसा कॉलेज, जबलपुर के 231 छात्रों ने 04, 07, 17 और 24 नवंबर 2025 को भा.वा.अ.शि.प.–उ.व.अ.सं., जबलपुर का दौरा किया। उन्हें संस्थान की विभिन्न अनुसंधान गतिविधियों के बारे में जानकारी दी गई।




गुरु रामदास खालसा कॉलेज, जबलपुर के छात्राओं ने भा.वा.अ.शि.प.–उ.व.अ.सं., जबलपुर का दौरा किया

- दिनांक 26 नवंबर 2025 को "TFRI टेक्नोलॉजीज़" पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में जबलपुर के सालीवाड़ा, नीमखेड़ा और खमेरिया गाँवों के कुल 100 किसानों ने भाग लिया। प्रतिभागियों को अलग–अलग कृषिवानिकी मॉडलों के बारे में बताया गया और कार्यक्रम के दौरान उन्हें खरपतवार अपशिष्ट से चारकोल उत्पादन और मशरूम की खेती पर एक लघु फिल्म भी दिखाई गई।



भा.वा.अ.शि.प.–उ.व.अ.सं., जबलपुर में "उ.व.अ.स. टेक्नोलॉजीज़" पर प्रशिक्षन कार्यक्रम

### भा.वा.अ.शि.प.–वन अनुसंधान संस्थान, देहरादून

- दिनांक 10 नवंबर 2025 को लखनऊ विश्वविद्यालय के 40 विद्यार्थियों ने संकाय सदस्यों के साथ भा.वा.अ.शि.प.–व.अ.सं., देहरादून के देहरादून हर्बेरियम और वनस्पति उद्यान का दौरा किया।

### भा.वा.अ.शि.प.–वन उत्पादकता संस्थान, रांची

- दिनांक 26 नवंबर 2025 को सेंट जेवियर्स कॉलेज, रांची के पंद्रह विद्यार्थियों ने भा.वा.अ.शि.प.–व.उ.सं., रांची द्वारा आयोजित शैक्षणिक कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान, उन्हें सतत मृदा स्वास्थ्य और आजीविका संवृद्धि में बांस के महत्व के बारे में विस्तार में बताया गया।

### भा.वा.अ.शि.प.–वर्षा वन अनुसंधान संस्थान, जोरहाट

- दिनांक 11 नवंबर 2025 को पश्चिम बंगाल और असम राज्य के नाबार्ड के 28 अधिकारियों ने भा.वा.अ.शि.प.–व.व.अ.सं., जोरहाट की बांस पौधशाला, बांस वाटिका, बांस संग्रहालय और कीटालय का दौरा किया।



नाबार्ड, पश्चिम बंगाल और असम के अधिकारियों ने भा.वा.अ.शि.प.–व.व.अ.सं., जोरहाट का दौरा किया

- दिनांक 28 नवंबर 2025 को भा.वा.अ.शि.प.–व.व.अ.सं., जोरहाट ने एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में केन्द्रीय रेशम बोर्ड, जोरहाट के 31 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान उन्हें बांस की खेती, प्रवर्धन, पौधशाला प्रबंधन, मूल्य वर्धन और बांस परिरक्षण तकनीक, बांस चारकोल बनाना, लाख की खेती और कृमिखाद, अगर रोपण और संस्थान के अलग–अलग अनुसंधान एवं विकास गतिविधियों आदि के बारे में जानकारी दी गई।



केंद्रीय रेशम बोर्ड, जोरहाट के अधिकारियों ने भा.वा.अ.शि.प.–व.व.अ.सं., जोरहाट का दौरा किया



टी. जॉन कॉलेज ऑफ फार्मेसी, बन्नेरघट्टा के विद्यार्थियों ने भा.वा.अ.शि.प.–का.वि.प्रौ.सं., बेंगलुरु का दौरा किया

**भा.वा.अ.शि.प.–वन आनुवंशिकी एवं वृक्ष प्रजनन संस्थान, कोयंबटूर**

- दिनांक 10 नवंबर 2025 को वन अनुसंधान संस्थान सम विश्वविद्यालय, देहरादून के संकाय सदस्यों सहित 40 विद्यार्थियों ने भा.वा.अ.शि.प.–व.अ.वृ.प्र.सं., कोयंबटूर की प्रयोगशाला और कायिक बहुगुणन उद्यान का दौरा किया। उन्हें संस्थान की अलग–अलग अनुसंधान गतिविधियों के बारे में जानकारी दी गई।



वन अनुसंधान संस्थान सम विश्वविद्यालय, देहरादून के विद्यार्थियों ने भा.वा.अ.शि.प.–व.आ.वृ.प्र.सं., कोयंबटूर का दौरा किया

**भा.वा.अ.शि.प.–काष्ठ विज्ञान एंव प्रौद्योगिकी संस्थान, बेंगलुरू**

- बांस अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र, महाराष्ट्र, वन अनुसंधान संस्थान सम विश्वविद्यालय, देहरादून और टी. जॉन कॉलेज ऑफ फार्मेसी, बन्नेरघट्टा के संकाय सदस्यों के साथ 128 विद्यार्थियों ने 04, 06, 13 और 14 नवंबर 2025 को भा.वा.अ.शि.प.–का.वि.प्रौ.सं., बेंगलुरु के पैनल उत्पादों के पायलट संयंत्रों, उन्नत काष्ठकर्म प्रशिक्षण केंद्र, काष्ठ संग्रहालय और प्रयोगशालाओं का दौरा किया। उन्हें दौरे के दौरान संस्थान की अनुसंधान गतिविधियों के बारे में प्रदर्शित किया गया।

- दिनांक 26 नवंबर 2025 को "लैंटाना कैमरा का मूल्य वर्धन और उपयोजन": आजीविका का अवसर" पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में बेंगलुरु के हितधारकों, विद्यार्थियों और वन अधिकारियों सहित 100 लोगों ने भाग लिया।

**भा.वा.अ.शि.प.–वन जैव विविधता संस्थान, हैदराबाद**

- दिनांक 04 नवंबर 2025 को वन महाविद्यालय एवं अनुसंधान संस्थान, मुलुगु, तेलंगाना के 40 विद्यार्थियों ने भा.वा.अ.शि.प.–व.जै.सं., हैदराबाद का दौरा किया। इस दौरान उन्हें संस्थान की अनुसंधान गतिविधियों के बारे में प्रदर्शित किया गया।



वन महाविद्यालय एवं अनुसंधान संस्थान, मुलुगु, तेलंगाना के विद्यार्थियों ने भा.वा.अ.शि.प.–व.जै.सं., हैदराबाद का दौरा किया

- दिनांक 19 नवंबर 2025 को "कैसुरीना के उच्च उपज वाले संकर कृंतक और उनकी खेती" पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में तेलंगाना के 25 किसानों ने भाग लिया।

- दिनांक 21 नवंबर 2025 को श्री अन्नदाता कृमिखाद, पेद्दा अंबरपेट, हैदराबाद में "कृमिखाद" पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में गंगुलूर के किसानों और सरकारी अधिकारियों समेत लगभग 50 लोगों ने भाग लिया।



श्री अन्नदाता कृमिखाद, पेद्दा अंबरपेट, हैदराबाद में "कृमिखाद" पर प्रशिक्षण कार्यक्रम




झारखंड के खूंटी जिले के तोरपा में "लाख की खेती की वैज्ञानिक विधियों" पर प्रशिक्षण कार्यक्रम

- भा.वा.अ.शि.प.–त.पा.कें., विशाखापत्तनम ने 21 नवंबर 2025 को भुवनेश्वर में "वन कार्बन मूल्यांकन और अनुश्रवण" पर क्षमता निर्माण पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में ओडिशा, भुवनेश्वर के वन विभाग के 31 वन अधिकारियों ने भाग लिया।




भुवनेश्वर में "वन कार्बन मूल्यांकन और अनुश्रवण पर क्षमता निर्माण" पर प्रशिक्षण कार्यक्रम

## वन विज्ञान केंद्र के अंतर्गत गतिविधियां

- भा.वा.अ.शि.प.–व.उ.सं., रांची और कृषि विज्ञान केंद्र, खूंटी ने मिलकर 17 नवंबर 2025 को झारखंड के खूंटी जिले के तोरपा में 'लाख की खेती की वैज्ञानिक विधियों' पर एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में तोरपा, खूंटी से लगभग 60 प्रतिभागियों ने भाग लिया। उन्हें कार्यक्रम के दौरान लाख की खेती की वैज्ञानिक तकनीक, लाख से आय सृजन की संभावना और लाख के वैकल्पिक पोषी के तौर पर फ्लेमिंजि
- या प्रजाति के महत्व के बारे में बताया गया।

## प्रदर्शनी में प्रतिभागिता

- भा.वा.अ.शि.प.–व.अ.सं., देहरादून ने उत्तराखंड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद द्वारा 28 से 30 नवंबर 2025 तक ग्राफिक एरा यूनिवर्सिटी, देहरादून में आयोजित "प्राइड ऑफ इंडिया – साइंस एक्सपो 2025" में भाग लिया और अपनी प्रौद्योगिकी का प्रदर्शन किया।




भा.वा.अ.शि.प.-व.अ.सं., देहरादून ने ग्राफिक एरा विश्वविद्यालय, देहरादून में "प्राइड ऑफ़ इंडिया - साइंस एक्सपो 2025" में भाग लिया

- भा.वा.अ.शि.प.–उ.व.अ.सं., जबलपुर ने विज्ञान भारती, जबलपुर द्वारा 10 से 15 नवंबर 2025 तक गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज, जबलपुर में आयोजित "19 जिज्ञासा मेला" में भाग लिया और अपनी प्रौद्योगिकी का प्रदर्शन किया।



भा.वा.अ.शि.प.–उ.व.अ.सं., जबलपुर ने गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज, जबलपुर में "19 जिज्ञासा मेला" में भाग लिया

- भा.वा.अ.शि.प.–का.वि.प्रौ.सं., बेंगलुरु ने "कृषि मेला 2025" में भाग लिया और अपनी नई प्रौद्योगिकी का प्रदर्शन किया। इस मेले का आयोजन यूनिवर्सिटी ऑफ़ एग्रीकल्चरल साइंसेज द्वारा 13 से 16 नवंबर 2025 तक जी.के.वी.के. परिसर, बेंगलुरु में किया गया था।




भा.वा.अ.शि.प.–का.वि.प्रौ.सं., बेंगलुरु ने जी.के.वी.के. परिसर, बेंगलुरु में "कृषि मेला 2025" में भाग लिया

## मिशन लाइफ

### भा.वा.अ.शि.प.–वन अनुसंधान संस्थान, देहरादून

- जी.एल.ए. यूनिवर्सिटी, मथुरा के 50 विद्यार्थियों ने 13 नवंबर 2025 को भा.वा.अ.शि.प.–व.अ.सं., देहरादून का दौरा किया। इस दौरे के दौरान उन्हें उन्नत ऊर्जा क्षमता और कम बिजली बिल के लिए एलईडी लाइटिंग के बारे में बताया गया।

### भा.वा.अ.शि.प.–वन जैवविविधता संस्थान, हैदराबाद

- दिनांक 15 और 20 नवंबर 2025 को हैदराबाद के बहादुरपल्ली में "ऊर्जा बचाएं, पानी बचाएं और एकल उपयोग प्लास्टिक कम करें" पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में हैदराबाद के बहादुरपल्ली के आस–पास के क्षेत्र से 70 प्रतिभागियों ने भाग लिया।




भा.वा.अ.शि.प.–व.जै.सं., हैदराबाद द्वारा "ऊर्जा बचाएं, पानी बचाएं और एकल उपयोग प्लास्टिक कम करें" पर जागरूकता कार्यक्रम

- भा.वा.अ.शि.प.–त.पा.कें., विशाखापत्तनम ने 11 और 12 नवंबर 2025 को सरकारी स्कूल, पल्लम और केंद्रीय विद्यालय, काकीनाडा में "ऊर्जा बचाओं, एकल उपयोग प्लास्टिक को कहें ना और कचरा कम करें" पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में 105 विद्यार्थियों ने भाग लिया। उन्हें पुनःउपयोग, पुनःचक्रण और ज़िम्मेदारी से उपयोग करके कचरा कम करने के बारे में जागरूक किया गया।



भा.वा.अ.शि.प.–त.पा.कें., विशाखापत्तनम द्वारा "ऊर्जा बचाओ, एकल उपयोग प्लास्टिक को कहो ना और कचरा कम करो" पर जागरूकता कार्यक्रम

- दिनांक 18 नवंबर 2025 को भा.वा.अ.शि.प.–त.पा.कें., विशाखापत्तनम ने पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय, मलकापुरम में "पौधशाला विकास गतिविधि" का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में 80 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

## प्रकृति कार्यक्रम

### भा.वा.अ.शि.प.–हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला

- दिनांक 04 नवंबर 2025 को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, कोट शिलारू, शिमला में "पौधशाला की तैयारी और प्रबंधन" पर जागरूकता और प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में लगभग 68 विद्यार्थियों ने भाग लिया।



राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, शिमला में "पौधशाला की तैयारी और प्रबंधन" पर प्रदर्शन कार्यक्रम

### भा.वा.अ.शि.प.–शुष्क वन अनुसंधान संस्थान, जोधपुर

- दिनांक 10 नवंबर 2025 को पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय, सीमा सुरक्षा बल, मंडोर, जोधपुर में "पौधशाला की स्थापना और उसके प्रबंधन" पर एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कुल 300 विद्यार्थियों ने भाग लिया, और उन्हें पौधों एवं पर्यावरण संरक्षण के महत्व के बारे में भी बताया गया।




पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय, सीमा सुरक्षा बल, मंडोर, जोधपुर में "पौधशाला की स्थापना और उसके प्रबंधन" पर प्रदर्शन कार्यक्रम

### भा.वा.अ.शि.प.–वर्षा वन अनुसंधान संस्थान, जोरहाट

- पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, मुकोकचुंग, नागालैंड, रूपनगर जातीय विद्यालय, असम और प्रणब सैकिया जातीय विद्यालय, मेलमाटी, तिताबोर, जोरहाट के शिक्षकों के साथ 259 विद्यार्थियों ने 07, 11 और 28 नवंबर 2025 को भा.वा.अ.शि.प.–व.व.अ.सं., जोरहाट के बांस पौधशाला, बांस वाटिका, बांस संग्रहालय और कीटालय का दौरा किया।



रूपनगर जातीय विद्यालय, असम के विद्यार्थियों ने भा.वा.अ.शि.प.–व.व.अ.सं., जोरहाट का दौरा किया

### भा.वा.अ.शि.प.–उष्णकटिबंधीय वन अनुसंधान संस्थान, जबलपुर

- दिनांक 13 नवंबर 2025 को पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय, जबलपुर में "पौधशाला की स्थापना और उसका प्रबंधन" पर प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 40 विद्यार्थियों ने भाग लिया।



पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय, जबलपुर में "पौधशाला की स्थापना और उसका प्रबंधन" पर प्रदर्शन कार्यक्रम

- पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय, मंडला और पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, उमरिया, जबलपुर के शिक्षकों के साथ 178 विद्यार्थियों ने 06 और 20 नवंबर 2025 को भा.वा.अ.शि.प.–उ.व.अ.सं., जबलपुर का दौरा किया। दौरे के दौरान उन्हें भा.वा.अ.शि.प.–उ.व.अ.सं. प्रौद्योगिकियों के बारे में प्रदर्शन किया गया।



पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, उमरिया, जबलपुर के विद्यार्थियों ने भा.वा.अ.शि.प.–उ.व.अ.सं., जबलपुर का दौरा किया

## भा.वा.अ.शि.प.–वन आनुवंशिकी एवं वृक्ष प्रजनन संस्थान, कोयंबटूर

पीईएम स्कूल ऑफ़ एक्सीलेंस, श्री अविनाशीलिंगम एचएससी स्कूल, कॉर्पोरेशन एचएससी स्कूल, मदरलैंड मैट्रिकुलेशन एचएससी स्कूल, तेलुंगुपलायम, कोयंबटूर और मदरलैंड मैट्रिकुलेशन एचएससी स्कूल, कोयंबटूर के 574 विद्यार्थियों और शिक्षकों ने 20, 25, 26, 27 और 28 नवंबर 2025 को भा.वा.अ.शि.प.–व.आ.वृ.प्र.सं., कोयंबटूर का दौरा किया। इस दौरे के दौरान "वृक्ष रोपण के सामुदायिक लाभ, वर्षा जल संचयन, पर्यवरण सुरक्षा, वनाग्नि पीड़कनाशी और इसके प्रभाव" पर व्याख्यान दिया गया।



मदरलैंड मैट्रिकुलेशन एचएससी स्कूल, कोयंबटूर के विद्यार्थियों ने भा.वा.अ.शि.प.–व.आ.वृ.प्र.सं., कोयंबटूर का दौरा किया

## भा.वा.अ.शि.प.–वन जेव विविधता संस्थान, हैदराबाद

- दिनांक 04, 06, 14 और 20 नवंबर 2025 को जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ज़िला परिषद हाई स्कूल, दुलापल्ली, केवी सं.–2, गोलकोंडा, हैदराबाद और केंद्रीय विद्यालय संगठन, एएफएस–सं. –2, डुंडीगल, हैदराबाद के 147 विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में भाग लिया। उन्हें संस्थान की अलग–अलग अनुसंधान गतिविधियों के बारे में बताया गया।



भा.वा.अ.शि.प.–व.जै.सं., हैदराबाद द्वारा जागरूकता कार्यक्रम

- भा.वा.अ.शि.प.–त.पा.कें., विशाखापत्तनम ने 15 नवंबर 2025 को पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय, विशाखापत्तनम में पौधशाला विकास कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में लगभग 120 विद्यार्थियों ने भाग लिया और उन्हें कार्यक्रम के दौरान पौधा प्रवर्धन तकनीक के बारे में बताया गया।



भा.वा.अ.शि.प.–त.पा.कें., विशाखापत्तनम ने पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय, विशाखापत्तनम में पौधशाला विकास कार्यक्रम आयोजित किया

## समझौता ज्ञापन

- भा.वा.अ.शि.प.–उ.व.अ.सं., जबलपुर ने अकादमी और अनुसंधान को सुगम बनाने के लिए 14 नवंबर 2025 को एपी नर्मदा कॉलेज, सदर, जबलपुर के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया।



भा.वा.अ.शि.प.–उ.व.अ.सं., जबलपुर और एपी नर्मदा कॉलेज, सदर, जबलपुर के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

- भा.वा.अ.शि.प.–का.वि.प्रौ.सं., बेंगलुरु ने 13 नवंबर 2025 को इंडस ट्री क्राफ्ट्स फाउंडेशन, बेंगलुरु के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया।



भा.वा.अ.शि.प.–का.वि.प्रौ.सं., बेंगलुरु और इंडस ट्री क्राफ्ट्स फाउंडेशन, बेंगलुरु के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

- भा.वा.अ.शि.प.–व.जै.सं., हैदराबाद ने 25 नवंबर 2025 को मंडल परिषद विकास, पुलकल के साथ गोंगुलूर गांव में एक प्रदर्शन ग्राम बनाने, प्रदर्शन क्षेत्र बनाने, किसानों का प्रशिक्षण आयोजित करने और सतत तरीकों पर व्यावहारिक सत्र करने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया।

- भा.वा.अ.शि.प.–का.वि.प्रौ.सं., बेंगलुरु ने 18 नवंबर 2025 को अग्निरोधी रेटिंग वाले द्वार शटर के मूल्यांकन के लिए मेसर्स वाइब्रेंट डोर क्राफ्ट, मुंबई के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया।



भा.वा.अ.शि.प.–का.वि.प्रौ.सं., बेंगलुरु और मेसर्स वाइब्रेंट डोर क्राफ्ट, मुंबई के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

- भा.वा.अ.शि.प.–व.अ.सं., देहरादून ने 18 नवंबर 2025 को देहरादून इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (डीआईटी) यूनिवर्सिटी, देहरादून के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया।

## विविध

**<u>जनजातीय गौरव दिवस</u>**

- भा.वा.अ.शि.प., देहरादून और इसके संस्थानों ने 26 नवंबर 2025 को बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर जनजातीय गौरव दिवस मनाया।
















## संविधान दिवस

- भा.वा.अ.शि.प. और इसके संस्थानों ने 26 नवंबर 2025 को भारतीय संविधान दिवस मनाया।



















## मानव संसाधन समाचार

### सेवानिवृत्ति

| **अधिकारी का नाम** | **दिनांक** |
|---|---|
| श्री राजेंद्र सिंह तोपवाल, वैज्ञानिक–एफ, भा.वा.अ.शि.प.–व.अ.सं., देहरादून | 30.11.2025 |
| श्री चंद्रलेखा ताकसांडे, मुख्य तकनीकी अधिकारी, भा.वा.अ.शि.प.–उ.व.अ.सं., जबलपुर | 30.11.2025 |

### स्थानातंरण

| **अधिकारी का नाम दिनांक** | **दिनांक** |
|---|---|
| श्री आकाश आनंद सोलंकी, सहायक मुख्य तकनीकी अधिकारी, भा.वा.अ.शि.प.–का.वि.प्रौ.सं., बेंगलुरु से भा.वा.अ.शि.प.(मु.) | 28.11.2025 |
| श्री राजीव पांडे, वैज्ञानिक–एफ, भा.वा.अ.शि.प.(मु.) से भा.वा.अ.शि.प.–व.उ.सं., रांची | 21.11.2025 |

### संप्रत्यावर्तन

| **अधिकारी का नाम** | **दिनांक** |
|---|---|
| श्री शिवकुमार, सी.एम., भा.व.से. (एचआर:2003) वन संरक्षक, भा.वा.अ.शि.प.–का.वि.प्रौ.सं., बेंगलुरु | 25.11.2025 |

## प्रकाशन

### शोध पत्र

- भट्ट, ए., मुरली, के., चिटमे, एच. आर. और त्रिपाठी, वाई. सी. (2025). UPLC-QTOFMS/MS द्वारा वन्य अनार के छिलके के सत्त का रासायनिक लक्षण–वर्णन और इसकी एंटीऑक्सीडेंट और एंटी–इंफ्लेमेटरी क्षमता। *जर्नल ऑफ बायोलॉजिकली एक्टिव प्रोडक्ट्स फ्रॉम नेचर,* 15(5), 505–522.

- भोई, टी. के., महंता, डी. के., सामल, आई., और कोमल, जे. (2025). बाईब्लियोमेट्रिक्स के माध्यम से सिलिकॉन–मीडिएटेड विधि का उपयोग करके वन कीटों के प्रबंधन की खोज। *एंटोमोलॉजिकल न्यूज़,* 132(5), 622–635.

- भोई, टी. के., व्यास, वी., सामल, आई., महंता, डी. के., कोमल, जे., सिंह, एस. और शर्मा, के. (2025). सूक्ष्म पीड़कनाशी: पौधा रक्षण में छोटे योद्धाओं की शक्ति को उजागर करना। नवाचार कृषि में नैनो बायोस्टिमुलेंट्स। स्प्रिंगर नेचर सिंगापुर, 73–103।

- करिश्मा, के., महंता, डी. के., अतुल्य, आर., उमा, जी. एस. और मुथु कुमार, ए. (2025). *डैलबर्जिया लैटिफोलिया* के रोग और कीट। हैंडबुक ऑफ़ एशियन रोज़वुड्स में। स्प्रिंगर नेचर सिंगापुर, 143–153.

- राठौर, एम., गुसाईं, एम., सिंह, एस. और केवट, पी. (2025). वन्य नाशपाती (*पाइरस पैशिया*) के पकने के दौरान पोषक परिवर्तन और जैव रसायन परिवर्तन. *इंटरनेशनल जर्नल ऑफ लाइफ साइंस एंड एग्रीकल्चर रिसर्च*, 4 (11), 688–693.

- कोंडेबोइना, एम., चौधरी, एस.के., शर्मा, एल. और भदौरिया, के (2025). UPLC-QTOFMS/MS विश्लेषण का उपयोग करके *एलवेंडिया पर्सिका* के बीजों की पादपरसायन प्रोफाइलिंग। नेचुरल प्रोडक्ट रिसर्च, 1–10.

- ठाकुर, एन., चिटमे, एच. आर., त्रिपाठी, वाई. सी., और वार्ष्णेय, वी. के. (2025). नियोलिट्सिया पैलेंस पट्टी के सगंध तेल का मल्टीटारगेट पात्रे और सिलिको में मूल्यांकनः GC–MS प्रोफाइलिंग, मॉलिक्यूलर डॉकिंग, और एडीएमईटी विश्लेषण। *केमिस्ट्री सिलेक्ट*, 10(44), e02787.

- नेगी, पी.एस., पॉल, एस. और लता, एस. (2025). भारत के उत्तर पश्चिमी हिमालय में बदलती जलवायु स्थितियों में बेटुला यूटिलिस डी. डॉन का मैक्सएंट वितरण मॉडलिंग। डिस्कवर जियोसाइंस, 3(1), 214.

- ठाकुर, पी., खनाल, एस., तपवाल, ए., शर्मा, एन., चौहान, पी., ठाकुर, टी.एस., कुमार, डी. और वर्मा, आर. (2025). गैनोडर्मा प्रजाति पर एक समीक्षा अपडेटः एटियोलॉजी और प्रबंधन उपागम। एंटोनी वैन लीउवेनहोएक, 118(12), 185.

- कुमार, डी., परवेज़, ए., सेन, एम., कोठारी, एस., जाटव, एस.एस., और मिद्दे, एस.एन.एम. (2025). शुष्क पश्चिमी राजस्थान में ,ए.एफ.आर.आई. कृंतक–आधारित *डैलबर्जिया सिस्सू* कृषिवानिकी प्रणाली के अंतर्गत इसबगोल, चना और मोठ का आर्थिक मूल्यांकन। इंटरनेशनल जर्नल ऑफ़ एग्रीकल्चर एक्सटेंशन एंड सोशल डेवलपमेंट, 8(11), 382–386.

- व्यास, वी., सिंह, एस., चौधरी, एस., भोई, टी. के., डे, पी., और सारस्वत, ए. (2025). भारत के शुष्क क्षेत्रों में *पोंगामिया पिनाटा* (एल.) पियरे से रूट नोड्यूल्स और उनसे जुड़े रूट–नोड्यूलेटिंग बैक्टीरिया का फेनोमॉर्फोलॉजिकल और बायोकेमिकल लक्षण। फ्रंटियर्स इन प्लांट साइंस, 16, 1717750.

- दासगुप्ता, पी., ध्रुबा, जे., और दुआरा, एस. (2025). उत्तर पूर्वी भारत में पारंपरिक रूप से प्रबंधित वनों के बाहर के वृक्षों (TOFs) के परितंत्र और सामाजिक–आर्थिक प्रभाव का मूल्यांकन। इंटरनेशनल जर्नल ऑफ़ एनवायरनमेंट एंड क्लाइमेट चेंज, 15(10), 485–499.

- करमाकर, पी., पाल, एस. और चक्रवर्ती, जी. (2025). पत्तागोभी की किस्मों में *प्लूटेला ज़ाइलोस्टेला* (एल.) के प्रति प्रतिरोधक क्षमता में पौधों के बचाव एंजाइम, $H_2O_2$ और फेनोलिक्स की भूमिका। जर्नल ऑफ़ प्लांट डिज़ीज़ एंड प्रोटेक्शन, 132(6), 184.

- सरकार, बी. सी., शाहिना, एन. एन., शुक्ला, जी., नाथ, ए. जे., और चक्रवर्ती, एस. (2025). दार्जिलिंग हिमालय में गृह उद्यान संरचना और आजीविका योगदान पर ऊंचाई का प्रभाव। एग्रोफॉरेस्ट्री सिस्टम, 99(8), 1–14।

- संध्या, एम.सी., श्रीजा, एस., शमिली, के., मनोज, के. आर., हर्षिता, एस., बालासुब्रमण्यम, ए., अरुण, एम., शिवकुमार, वी., और नांबियार–वीटिल, एम (2025). *यूकेलिप्टस कैमलडुलेंसिस* में एग्रोबैक्टीरियम–मीडिएटेड परिवर्तन दक्षता में सुधार पर कर्तोतक स्रोत, सोनिकेशन के साथ निर्वात अंतःस्यंदन और बायोचार का प्रभाव। प्लांट बायोटेक्नोलॉजी रिपोर्ट्स, 935–945.

- डी. थंगमणि (2025). महुआ (*मधुका लोंगिफोलिया*) की बेहतर और सतत खेतीः कार्बनिक और बेहतर कृषि को एकीकृत करना। पारितंत्र में जैव विविधता में। भारती पब्लिकेशन्स, 65–77.

- कुमार, ए., शर्मा, आर., सिंह, पी. और वर्मा, एस. (2025). डायबिटीज के घाव जल्दी भरने के लिए हर्बल सत्त से भरे ट्रांसएथोसोमल जेल का डिज़ाइन और ऑप्टिमाइज़ेशन। ट्रॉपिकल प्लांट मैनेजमेंट एंड एप्लाइड फार्माकोलॉजी, 12(4), 2633–1994.

- मनोहरा, टी. एन. और सैनी, एन. (2025). अर्ध–शुष्क परिस्थितियों में विलो (सैलिक्स प्रजाति) कृंतक में विभेदक आयन विभाजन और लवणता सहिष्णुता। फाइटो टॉक, 2(3), 467–477.

- सैनी, एन., और मनोहरा, टी. एन. (2025). अर्ध–शुष्क परिस्थिति में लवणता तनाव के लिए विलो (सैलिक्स प्रजाति) कृंतक का कार्यिकीय और जैव रसायन प्रतिक्रियाः सतत भूमि उपयोग के लिए लवण–सहिष्णुता जीनप्ररूप की पहचान करना। फाइटो टॉक, 2(3), 523–540.

- मनोहरा, टी. एन., बालकृष्ण, एस. एम., मदाभवी, ए., और श्रीनिवासन, जी. (2025). भारतीय शीशम (*डैलबर्जिया लैटिफोलिया रॉक्सब*) में मिस्टलेटो (*विस्कम नेपालेंस स्प्रेंग.*) का संक्रमणः दक्षिणी भारत के सुरक्षित वनों में पारिस्थितिकीय प्रभाव और संरक्षण की चिंताएं। फाइटो टॉक, 2(3), 490—495.

- रेड्डी, जी.एस., राकेश, एम., पोटेपाका, एस. और दुरई, एम. (2025). बांसः सतत भविष्य के लिए तेज़ी से बढ़ने वाला, पर्यावरण अनुकूल और कई तरह से उपयोग होने वाला संसाधन। इंटरनेशनल जर्नल ऑफ़ एनवायरनमेंट एंड क्लाइमेट चेंज, 15(11), 546—566.

- सुजाता, डी., चावला, वी. के., ममता, बी. एस. और उदय, डी. एन. (2025). ब्लैक लिकर मॉलिक्यूलर वेट का बॉइलिंग वॉटर प्रूफ ग्रेड प्लाईवुड की बॉन्ड क्वालिटी पर प्रभावः एक औद्योगिक उपागम। इंटरनेशनल जर्नल ऑफ इनोवेटिव साइंस, इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, 12(11), 12—28.

- सिल, ए., अलखतीब, ओ. जे., दास, आई. और कुटे, वाई. डी. (2025). संरचनात्मक विश्लेषण में मशीन लर्निंग का उपयोगः सिविल इंजीनियरिंग में ऊर्जा बचाने और सतत बिल्डिंग पद्धतियों को बेहतर बनाना। *TPM – टेस्टिंग, साइकोमेट्रिक्स, मेथडोलॉजी इन एप्लाइड साइकोलॉजी, 32(S8), 455—466.

- सिल, ए., मीना, आर. के., रमेश, एस., गुप्ता, यू. के., वेंकटेश बाबू, के. पी., तिवारी, ए., और सिंह, डी. (2025). सिविल इंजीनियरिंग में गणितीय मॉडलिंग और संरचनात्मक विश्लेषणः लोड वितरण, तनाव का व्यवहार और डिज़ाइन अनुकूलन के लिए भविष्यवाची विधियों पर एक व्यापक अनुसंधान अध्ययन। इंटरनेशनल जर्नल ऑफ़ एप्लाइड मैथमेटिक्स, 38(4), 1244—1254.

- साहू, एस. सी. (2025). अपशिष्ट जल और कीचड़ उपचार और पुनः प्राप्तिः काष्ठ आधारित पैनल उद्योग पद्धतियों और अवसरों की समीक्षा। जर्नल ऑफ केमिकल हेल्थ रिस्क 15(6), 1278—1288।

- दीक्षा, डी., सिद्धार्थन, वी. के. और बरनवाल, वी. के. (2025). भारत में *मिलिंगटोनिया हॉर्टेंसिस* के मोज़ेक रोग से जुड़ा एक नया बेगोमोवायरस। आर्काइव्स ऑफ़ वायरोलॉजी, 170(12), 241.

- शिवप्रसाद, के.एम., कुमार, पी.एस., किशोर, ए., कुमार, डी. और पटनायक, एस. (2025). संरक्षण और प्रजनन के लिए रक्त चन्दन (*टेरोकार्पस सैंटालिनस* एल.एफ.) जननद्रव्य का मूल्यांकन। जेनेटिक रिसोर्स, 6(12), 160—170.


## पुस्तिका

- *डेंड्रोकैलेमस स्ट्रिक्टस* की सतत कटाई और प्रबंधन पर मैनुअल
- व.अ.सं. की पहलें— नवीन अनुसंधान और उपलब्धियां
- अनुसंधान और उपलब्धियों में नवीन उन्नति
- प्रयोगशाला से धरातल तक वन अनुसंधान और हितधारकों को जोड़ना
- उत्तराखंड के आवश्यक वन्य खाद्य फल
- वन वृक्ष बीज प्रयोगशाला
- असम के दिहिंग पटकाई राष्ट्रीय उद्यान की दीर्घ कवक जैव विविधता।
- कृषिवानिकीः वैश्विक भूमि उपयोग का भविष्य। पी.के. प्रकाशक और वितरक।


**संरक्षक:**

श्रीमती कंचन देवी, महानिदेशक, भा.वा.अ.शि.प, देहरादून

**संपादक मंडल:**

डॉ. सुधीर कुमार, उप महानिदेशक (विस्तार), अध्यक्ष

डॉ. गीता जोशी, सहायक महानिदेशक (मीडिया एवं विस्तार), मानद सम्पादक

डॉ. विश्वजीत शर्मा, वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी, सदस्य

**हिन्दी संस्करण:**

श्री शंकर शर्मा, सहायक निदेशक (राजभाषा), सदस्य

**सहयोग:**

श्री प्रिंस, तकनीकी सहायक (मीडिया एवं विस्तार)

**प्रत्याख्यान**

- केवल निजी रूप से प्रसारण करने हेतु।
- वानिकी समाचार में प्रकाशित सामग्री, संपादक मंडल के विचारों को अनिवार्यतः प्रतिबिंबित नहीं करती हैं।
- यहाँ प्रकाशित सूचना के लिए किसी भी प्रकार के नुकसान की भरपाई के लिए भा.वा.अ.शि.प. उत्तरदायी नहीं होगा।